तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024



# देवउठनी एकादशी आज, सजा गन्ने का बाजार, तुलसी विवाह में सजेगा मंडप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छोटी दीपावली के एक दिन पहले सोमवार को शहर का पूरा बाजार गन्ना, कोचई, चनाभाजी, बेर, सिंघाड़ा, शकर कांदा, आंवला, केला, सेव, अनार, मुसंबी, संतरा, अनासपत्ती, फूलमाला, कमलफूल, गोंदा फूल और तरह-तरह के पूजा सामग्रियों व मौसमी फल-फूलों से सज गया है। इन्हें खरीदने के लिए गंज मार्ग और इंदिरा मार्केट सब्जी बाजार में खूब भीड़ देखी गई। बता दें कि ज्यादातर लोग सिर्फ गन्ने और कोचई कांदा तथा चनाभाजी की खरीददारी करते रहे। इस बार गन्ना महंगा हो गया है। शहर के बस स्टेण्ड चौक से लेकर मंडी रोड में नगर पालिका कार्यालय तक एक नहीं दर्जनों गन्ने के पसरे लग गए है। गन्ने बेचने के लिए आए किसानों ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि गन्ने के उत्पादन में लागत अब ज्यादा आ रहा है। इसलिए रेट बढ़ाना लाजिमी है। देवउठनी को छोटा दीपावली कहा जाता है। दीपावली के बाद बाजार हर साल इसलिए सूना हो जाता है क्योंकि किसान फसल कटाई में जुट जाते है। विभिन्न व्यवसायियो से जब पूछा और बाजार की स्थिति के बारे में चर्चा किया तो सभी ने बताया कि दीपावली के बाद से बाजार एकदम सूना हो गया है। गुरूदेव ज्वेलर्स, शंकर ज्वेलर्स, पंकज ज्वेलर्स के संचालक ने कहा कि दीपावली बहुत अच्छी रही। अभी मार्केट में सुनासान है। बहरहाल यह स्थिति अभी लगभग नवंबर भर ऐसा ही बना रहेगा।

### घरों में भी पूजा की तैयारी, दुकानें जगमग

#### मांगलिक कार्यों की होगी शुरुआत

मंगलवार को छोटी दीपावली (देवउठनी) में खरीददारी के लिए भीड़ जुटने की आशा सभी व्यवसायियों को है। आज का दिन किसी भी कार्य को शुरू करने के लिए शुभ मुहुर्त वाला माना जाता है।देवउठनी एकादशी पर्व को मिनी दीपावली के रुप में मनाए जाने की परंपरा है। विद्वान पंडितों के मुताबिक जितने भी शुभ मुहुर्त वाले कार्य हैं जैसे शादी-ब्याह, गृह प्रवेश, लगन, मांगलिक कार्य, सोना-चांदी ,कार, मोटरसाईकिल आदि की खरीददारी सर्वोत्तम होता है। पंडित कन्हैया तिवारी ने बताया कि आज तुलसी पूजा के साथ मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाएगी। आज का दिन बहुत ही शुभ है।



## राजीव लोचन मंदिर में तुलसी विवाह आज



राजिम। समूचे छत्तीसगढ़ का धार्मिक पौराणिक ऐतिहासिक व पुरातात्विक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के श्री राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में तुलसी विवाह का भव्य कार्यक्रम वैदिक रीति-रिवाज प्रथाओं के अनुसार होगा। यह जानकारी देते हुए पुजारी राजेंद्र मनु ने बताया कि रात्रि 8 से 8:30 बजे के मध्य श्री राजीव लोचन भगवान के प्रमुख मंदिर में दूल्हा पूजा होगा एक प्रकार से तेल हल्दी लेपन दूल्हा के रूप में भगवान श्री शालिग्राम का पूजा दूल्हे के रूप में संपन्न होगा। श्री राजीव लोचन की आरती पूजा पश्चात भगवान श्री शालिग्राम को डोले पर विराजमान करके समूचे मंदिर परिसर में बाजे-गाजे व पटाखों के साथ बारात निकाली जाएगी जिसमें आमजनो की सहभागिता होगी। बारात पश्चात दूल्हा श्री शालिग्राम, माता तुलसी के द्वार पर पदार्पण करेंगे। द्वारचार पूजा होगी। अभिषेक, दूध, दही, घी, शक्कर, मधुरस के साथ कराया जाएगा। पंडित विजय शर्मा व सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर ,अनिल तिवारी, मैनेजर पुरुषोत्तम मिश्रा, शिवकुमार सिंह ठाकुर, राम ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, सूरज सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, बैकुंठ सिंह ठाकुर, राम कुमार सिंह ,महेंद्र ठाकुर, आमोद ठाकुर, सुनील तिवारी, चंदन यादव, कृपाराम उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### हरदीभाठा में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम पुरवईया आज

मैनपुर। ग्राम हरदीभाठा में श्रीराम सेना हिन्दु संगठन एंव समस्त ग्रामवासी द्वारा 12 नवंबर को देवउठनी के पावन अवसर पर पर्व पर रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढी लोककला मंच भाव नृत्य पुरवईया बालोद का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और हरदीभाठा श्रीराम सेना हिन्दु संगठन एंव ग्रामवासियों द्वारा जोरशोर से तैयारी किया जा रहा हैं।

### यादव समाज मनाएगा देवउठनी महोत्सव आज

मैनपुर। सर्व यादव समाज गोवर्धन उत्सव समिति मैनपुर द्वारा 12 नवंबर को देवउठनी के पावन अवसर पर देवउठनी महोत्सव का आयोजन यादव समाज भवन में दोपहर 02 बजे से किया गया है। जिसके लिए यादव समाज द्वारा व्यापक रूप से तैयारी किया जा रहा है उक्त जानकारी देते हुए दीपक यादव, गजेन्द्र यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संजय नेताम रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यादव समाज प्रमुख आशाराम यादव, सभापति रामेश्वर यादव, विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदिनी नेताम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, जनपद सदस्य मनोज मिश्रा, डाकेश्वर नेगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, सरपंच मैनपुर बलदेव राज ठाकुर, सरपंच हरदीभाठा दुलिया बाई ठाकुर एंव महिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रियंका कपील उपस्थित रहेंगे। यादव समाज के इस कार्यक्रम में सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### मांग : धान बेचने के लिए 25 किलोमीटर का तय करना पड़ता है सफर

# 15 गांवों के 5 सौ किसानों ने किया कलेक्टोरेट का घेराव, कहा- कोदोपाली में खोलें खरीदी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में धान खरीदी शुरू होने से पहले कोदोपाली क्षेत्र के 15 गांवों के लगभग 500 किसान सोमवार को कलेक्टोरेट पहुंचे और धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। किसानों को कलेक्टोरेट के बाहर ही रोक दिया गया, जिसके बाद उन्होंने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि उन्हें धान बेचने के लिए 25 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है। पिछले एक साल से खरीदी केंद्र की मांग को लेकर पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसानों ने इस बार स्पष्ट किया कि वे केवल नए केंद्र पर ही धान बेचेंगे और यदि कोदोपाली में केंद्र नहीं खोला गया, तो उग्र आंदोलन करेंगे। धान की खरीदी 14 नवंबर से शुरू होने वाली है, जिसके लिए प्रशासन और समितियों ने तैयारी पूरी कर ली है। वहीं कोदोपाली क्षेत्र के किसानों ने अपनी मांग के समर्थन में प्रदर्शन और नारेबाजी की।







#### केंद्र खोलने से किसानों को धान बेचने में होगी सहूलियत

किसान संघर्ष समिति के बैनर तले जुटे किसानों ने एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें कोदोपाली में धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग की गई है। जिससे धान किसानों में बेचने में सहूलियत होगी। गरियाबंद जिले के कई ग्राम पंचायतों के किसान, जिनमें लोहारी, डुमरबाहरा, दांतबायकला, तेन्दुबाय, और मौहाभाठा शामिल हैं, आदिम जाति सहकारी समिति के तहत धान खरीदी के लिए कोदोपाली में केंद्र स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में विशेष पिछड़ी जनजातियों के सदस्य भी शामिल हैं, जिन्हें धान बेचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

#### इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन से होगी खरीदी

इस प्रदर्शन में गांधी मैदान से रैली निकाली गई, जो तिरंगा चौक होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, जिसमें शासन-प्रशासन से शीघ्र धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग की गई है।

प्रदेश सरकार ने घोषणा की है कि इस सीजन में 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जाएगा, और सभी केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन का उपयोग किया जाएगा।

## छाने लगा कोहरा, ठंड का होने लगा अहसास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

नवंबर का दूसरा सप्ताह शुरू होते ही जिले के कई हिस्सों में ठंड का असर बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। सुबह के समय हल्की धुंध छाने लगी है, जिससे वातावरण में एक सर्द एहसास हो रहा है। यह बदलाव खासकर उन लोगों को महसूस हो रहा है जो सुबह की सैर पर जाते हैं। सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान ठिठुरन बढ़ गई है, और लोगों को ठंड के कारण अतिरिक्त एहतियात बरतनी पड़ रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, न्यूनतम तापमान में कमी देखी जा रही है, जिससे ठंड बढ़ती जा रही है। सर्द हवाएं भी चलने लगी हैं, जो ठंड के एहसास को और गहरा कर रही हैं। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट होने की संभावना जताई गई है, जिससे ठंड का प्रभाव बढ़ सकता है।

#### पश्चिमी विक्षोभ का पड़ रहा असर

मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि इस बदलाव का कारण पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव है। इसके साथ ही पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का भी असर मैदानी इलाकों में महसूस किया जा रहा है। पश्चिमी विक्षोभ और बर्फबारी की वजह से मैदानी इलाकों में ठंड की लहर तेज हो रही है। जल्द तापमान और गिरेगा।

### कुएं में गिरने से सांड की मौत



सुरसाबांधा। सोमवार को ग्राम सुरसाबांधा में पीलाराम साहू के बाड़ी में एक सांड की कुआं में गिरने से मौत हो गया। जिसे बड़ी मशक्कत से जेसीबी से निकाल कर दफन किया गया है।

## ग्राम कलमीडीही में मिला नर कंकाल, पहुंची फोरेंसिक टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत दादरगाव नया के राजस्व ग्राम कलमीडीही में एक घर के पीछे लगे बाड़ी में सड़ी गली अवस्था में लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस की टीम मौके पर पहुंची मामला छुरा थाना क्षेत्र का है। अभी शव की पहचान नहीं हो पाई है। मामले की जांच के लिए फोरेंसिक की टीम को भी बुलाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार कलमीदादर में अर्जुन सिंह के घर पिछे लगे बाड़ी में सड़ी गली अवस्था में एक अज्ञात लाश मिली है। जिसके सूचना पर छुरा थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शुरुवाती जांच में शव 10 से 12 दिन पुराना होने की बात कही जा रही है। शव पूरी तरह सड़ चुकी है। जिससे शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव में केवल जींस पैंट चिपकी हुई है जिसके आधार पर किसी युवक का शव होने की बात कही जा रही है। जांच के लिए महासमुंद से फोरेंसिक की टीम को भी बुलाया गया है। जो आगे की जांच कर रही है। शव पूरी तरह से क्षत विक्षत हो चुकी है आशंका है कि कुत्तों ने शव को नोचा होगा। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

#### कई दिनों तक सड़ती रही लाश

बड़ी बात यह है कि जहां शव मिला है वह क्षेत्र रिहायशी इलाका है जहां कई दिनों तक लाश सड़ती रही और किसी को लाश का पता नहीं चला। लाश के सड़ने से बदबू ना आए यह सोचनीय विषय है। जिसके घर के पीछे यह शव मिला उसे भी इसकी जानकारी नहीं है। अब जांच के बाद ही इस मामले से पर्दा उठेगा। फिलहाल इस पुरे मामले पर महासमुंद से आये फोरेंसिक व छुरा पुलिस जांच में जुटी हुई है। छुरा थाना पुलिस ने कहा कि क्षेत्र सहित इलाकों में कोई भी गुम इंसान गुमा होगा तो छुरा थाना में आकर कपड़ा पहचान कर सकते हैं।

## आंसू निकालने लगा प्याज 80 रुपए किलो बिक रहा

मैनपुर। एक बार फिर से प्याज आंख से आंसू बहा रहा है पिछले एक पखवाडे के भीतर प्याज के दाम 20 से 25 रूपये बढोतरी हुई है जिसके कारण लोगो के आंख से आंसु निकल रहा है, वर्तमान में प्याज के चिल्हर में 75 से 80 रूपये किलो में बिक रहा है ऐसे में गरीब एंव मध्यम वर्गीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। दैनिक उपयोग के वस्तुओं में दिन ब दिन भाव बढ़ते जा रहा है जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है पहले से ही हरी सब्जियों के भाव आसमान छु रहे हैं। अब प्याज के दाम आसमान चढ गया है।



बाजार में लोकल प्याज आना शुरू नहीं है एक माह बाद लोकल बाजार में प्याज की आवाक शुरू हो जायेगी जिसके बाद दाम घटने की कुछ उम्मीद है।

## जंगल में पेड़ की अवैध कटाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद वनमंडल के मैनपुर वन परिक्षेत्र में इन दिनों जंगल के भीतर जगह -जगह अवैध कटाई के चलते ठुठ ही ठुठ दिखाई दे रहा है और वन विभाग का अमला उदासीन रवैया अपनाया हुआ है। मैनपुर वन परिक्षेत्र के झरियाबाहरा, चीलाधुर नाला कक्ष क्रमांक 941 में एक सप्ताह के भीतर 30 से 35 बडे बडे साल, बीजा, सागौन के वृक्षों को काटकर जंगल को मैदान में तब्दील कर दिया गया है, एक सप्ताह के भीतर इतना ज्यादा वृक्षों की एक स्थान पर अवैध कटाई होने के बावजूद वन विभाग के अफसरों की इसकी जानकारी नहीं लगना स्थानीय अधिकारियों एवं संबधित क्षेत्र के वन अमला की उदासीन रवैया को बताने के लिए काफी है, वहीं कई स्थानों पर पेड़ के नीचे के छाल गंडलिंग कर पेड को सुखाकर काटा जा रहा है, लगातार अवैध कटाई के कारण वन्य प्राणियों के लिए जंगल में अब पहले जैसे वातावरण नही होने के कारण वन्य प्राणी गांव के तरफ आने मजबूर हो रहे है, वही दुसरी ओर मिली जानकारी के अनुसार वन अधिकार पट्टा के नाम पर लगातार जंगलों में अवैध कटाई पिछले कुछ वर्शो में बड गई है, सडक किनारे ही जंगल नजर आता है, थोडा अंदर जाने पर बडे- बडे मैदान में जंगल तब्दील हो गया है और ठुठ ही ठुठ दिखाई देता है। इस संबध में स्थानीय क्षेत्रवासियों का मानना है कि वन अधिकार पट्टा के नाम पर जंगल में जो अवैध कटाई पिछले कुछ वर्षो में हुआ है इसकी भरपाई आने वाले 20 वर्षो तक नहीं किया सकता और आज भी लगातार जंगल के भीतर अवैध कटाई का सिलसिला जारी है।



#### कार्रवाई कर रहे हैं

वन परिक्षेत्र अधिकारी मैनपुर छबीलाल ध्रुव ने बताया कि वन विभाग को अवैध कटाई की जानकारी मिलते ही तत्काल मौके का मुआयना किया गया है। 28 वृक्षों की अवैध कटाई किया गया है, ग्रामीण को वन अधिकार पट्टा मिला है लेकिन वह अपने काबिज भूमि को छोड जंगल क्षेत्र मे अवैध कटाई किया है, पीओआर की कार्रवाई किया जा रहा है।

### नेफेड ने मक्का खरीदी का किया शुभारंभ

# किसानों से एमएसपी दर पर हो रही मक्का की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) के द्वारा इस बार जिले के देवभोग, अमलीपदर, मैनपुर तहसील में अपनी एंट्री शुरू कर दी है। जिसमें किसानों से एमएसपी दर पर मक्के की खरीदी करने जा रही है, इसके लिए नेफेड ने बकायदा व्यापक रूप से प्रचार प्रसार भी किया है व किसानों का पंजीयन करवा कर मक्के के खरीदी का श्री गणेश कर लिया है। खरीदी केंद्र कदलीमुड़ा में शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ रायपुर के सहायक प्रबंधक पीके द्विवेदी के मुख्य आतिथ्य में खरीदी की शुरुवात की गई। कदलीमुड़ा के किसान पदमन बीसी के द्वारा मक्का खरीदी केंद्र कदलीमुड़ा में लाकर बेच सकते हैं। किसानों को मक्का प्रति क्विंटल 2 हजार 225 रुपए के दर से ऑनलाइन भुगतान की जाएगी। वहीं इस अवसर पर नेफेड के सहायक प्रबंधक पीके द्विवेदी ने यह बताया कि सभी किसानों का मक्का खरीदी की जाएगी मक्के की फसल के बाद किसानों का दलहन तिलहल फसल भी नेफेड एमएसपी दर पर खरीदी करने वाली है।




#### पंजीयन करवा कर किसानों ने बेचा मक्का

किसान किसी भी कोचिया व व्यापारी के बहकावे में नहीं आए बेझिझक मक्का खरीदी केंद्र कदलीमुड़ा में आकर पंजीयन करवा कर अपना मक्का बेचे। वहीं इस अवसर पर हीरा मां फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी के प्रबंध संचालक संतोष पाण्डेय, संचालक आशीष शर्मा, मक्का खरीदी प्रभारी सुनील नेताम, कम्प्यूटर ऑपरेटर ढानिक कुमार, दोलन नेताम, गौतम नागेश प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बैल से टकराया ग्रामीण, पैर फ्रैक्चर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सोमवार को मैनपुर साप्ताहिक बाजार में दैनिक उपयोग के सामग्री खरीदने पहुंचे आमामोरा ओंढ क्षेत्र के एक युवक का मोटर सायकल बैल से टकराया गया। तेज रफ्तार मोटर सायकल बैल से टकरा जाने से युवक घायल हो युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया उसके पैर फ्रैक्चर हो गया जिसका ईलाज किया जा रहा है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

RATNA_BHOOMI_12_2024-02_Layout 1 11/11/2024 11:09 PM Page 1



# छात्रों के उपद्रव से परेशान रविवि, अब बढ़ाई जाएगी सुरक्षाकर्मियों की संख्या, उग्र हो रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि अपने सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाने जा रहा है। इसके लिए बीते दिनों हुई बैठक में प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया है। इसके बाद अब नए गार्ड की नियुक्ति की आएगी।

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, प्रबंधन छात्र नेताओं के उपद्रव से हलाकान हो गया है। ना सिर्फ छात्र नेता बल्कि अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचने वाले सामान्य विद्यार्थियों से भी रविवि परेशान है। छोटी-छोटी बात पर तनातनी और विवाद की स्थिति विवि परिसर में प्रतिदिन निर्मित हो रही है। कई बार बात हाथा-पाई तक पहुंच जाती है। सर्वाधिक खराब स्थिति विवि के प्रशासनिक भवन में है, जहां कई तरह के काउंटर बने हुए हैं। इन काउंटर में छात्रों की अंकसूची सुधार सहित कई अन्य कार्य किए जाते हैं।

विवाद की सर्वाधिक स्थिति यहीं निर्मित होती है। वर्तमान में यहां मात्र एक सुरक्षाकर्मी की ही तैनातगी रहती है। कर्मी के किसी कार्यवश बाहर जाने अथवा उक्त स्थल पर नहीं रहने की स्थिति में यहां सुरक्षार्थ कोई भी मौजूद नहीं होता है।

### बीते माह गार्ड द्वारा छात्र को थप्पड़ मारने पर हुआ था हंगामा

- सामान्य समस्याओं के निराकरण के लिए पहुंचने वाले छात्रों संग भी विवाद की स्थिति




### कार्यक्रमों में भी होगी अतिरिक्त सुरक्षा

प्रथम पाली में 5, द्वितीय पाली में 7 तथा तृतीय पाली में 4 नए गार्ड की नियुक्ति होगी। इसके लिए कार्यपरिषद की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि विवि के विभिन्न भवनों तथा कार्यक्रमों में सुरक्षा कर्मी प्रदान करने के लिए ये वृद्धि की गई है। सूत्रों के अनुसार, विवि में होने वाले कार्यक्रमों में भी अब अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाएगी। सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति विश्वविद्यालयीन स्तर पर नियमानुसार की जाएगी।

### सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार पर भी बवाल, प्रदर्शन

रविवि में बीते दिनों सुरक्षाकर्मी द्वारा छात्र को थप्पड़ मारे जाने की घटना भी खबरों में रही थी। यहां परीक्षा संबंधित कार्य की जानकारी प्राप्त करने आए छात्र को गार्ड द्वारा थप्पड़ जड़ दिया गया था। इसके पश्चात छात्रनेताओं ने जमकर प्रदर्शन किया था। तत्पश्चात गार्ड की सेवाएं प्रशासनिक भवन में समाप्त की गई थीं। इसी तरह से कुलपति की सुरक्षा में तैनात कांस्टेबल संग एक गार्ड द्वारा मारपीट भी रविवि में बीते दिनों की गई। यहां की सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार को लेकर बीते कई माह से सवाल उठते रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### गड़रिया समाज ने सीएम साय से की मुलाकात

**रायपुर।** गड़रिया समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। छत्तीसगढ़ सर्व गड़रिया समाज महासंघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राजधानी में आयोजित प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन की जानकारी दी। साथ ही उन्हें मुख्य अतिथि बतौर शामिल होने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम 1 दिसंबर को महादेवघाट के देशहा गड़रिया सामाजिक भवन में होगा। मुलाकात के दौरान प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण महतो, अजय हंसा, अभिमन्यु धनगर, चंद्रपाल धनगर, मिलन धनगर, आशीष धनगर, गोविंद धनगर मौजूद रहे।

### दीपावली मिलन में व्यापारी कल्याण बोर्ड गठन की मांग



**रायपुर।** अवंति विहार व्यापारी संघ द्वारा रविवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी व्यापारियों ने एक-दूसरे को दीपावली की बधाई देकर मंगलमय जीवन की कामना की। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि सभी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग की है, ताकि व्यापारियों के हितों की रक्षा हो सके। उन्होंने बताया कि देश के अनेक राज्यों में राज्य सरकार द्वारा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है, साथ ही केंद्र सरकार द्वारा भी व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाया गया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी तक व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन नहीं हो पाया है। कार्यक्रम में अशोक गुप्ता, किशोरचंद्र नायक, राम सचदेव, इंदरपाल सिंह तोमर, हरीश लोकवाणी, राजेश दुलानी सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

### 13 नवंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग

**रायपुर।** जिला अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष अधिवक्ता हितेंद्र तिवारी और अधिवक्ता उपाध्यक्ष किशोर ताम्रकार ने दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की निर्धारित मतदान तिथि 13 नवंबर को रायपुर जिले के समस्त शासकीय विभागों में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के लिए कलेक्टर और निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है।

### मंदिर की गलियों तक सीमित हुआ पुन्नी मेला, जगह नहीं होने से सड़कों पर सजेंगी दुकानें

# महादेवघाट में सिमट गई मेले की जमीन दुकान लगाने पर्याप्त जगह नहीं मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार


भगवान हाटकेश्वर नाथ महादेव मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पुन्नी मेला की परंपरा विगत कई सालों से चली आ रही है। मेले में राजधानी के साथ-साथ अम्लेश्वर और पाटन क्षेत्र से भी हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। बदलते समय के साथ अब महादेवघाट में मेले की जगह भी सिमट गई है। खानपान, मनिहारी, खिलौनों, रेडीमेड गारमेंट्स, श्रृंगार सहित तरह-तरह की दुकानें अब केवल मंदिर की गलियों तक सीमित हो चुकी हैं। इन चंद गलियों में 15 और 16 नवंबर को 50 हजार से भी अधिक लोग मेला भ्रमण करने पहुंचेंगे। ऐसे में अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करना पुलिस के लिए कड़ी चुनौती होगी। बीते कुछ सालों में मंदिर परिसर के आसपास भवनों का निर्माण होने से भी अब लोगों को दुकान लगाने की जगह नहीं मिल रही है। मंदिर प्रबंधक का कहना है कि हर साल मेला स्थल सिमट रहा है। जितनी संख्या में लोग पहुंचते हैं, अब इतनी बड़ी जगह परिसर में नहीं है। हजारों लोग वाहनों के साथ आते हैं। मैदान भी पार्किंग में भर जाता है। सड़कों पर दुकान लगाने से हर साल जाम लग जाता है।

### मेले में हर 5 मीटर की दूरी पर दुकानें

इस बार भी मेला मंदिर परिसर के साथ दूसरी तरफ अम्लेश्वर की ओर भी सजेगा। मंदिर में दर्शन करने की वजह से भीड़ इस ओर अधिक होती है। हरिभूमि की टीम रविवार को महादेवघाट पहुंची। मंदिर परिसर में विभिन्न समाज के भवनों के पास झूला व दुकानें लग चुकी हैं। जगह कम होने से इस बार हर 5 मीटर की दूरी पर दुकान है। इसके अलावा हनुमान मंदिर, भाठागांव रोड और मंदिर के पीछे की ओर भी खानपान, रेडिमेड गारमेंट्स, श्रृंगार की दुकानें लगेंगी। मेले में आरंग, धरसींवा व पाटन से दुकान लगाने कारोबारी पहुंचे हैं। हेमंत ध्रुव का कहना है कि जगह नहीं होने से दुकान छोटी करनी पड़ी है। सड़क पर खड़े होकर भी मेले में सामान बेचना होगा।

### पुन्नी मेले के लिए महादेवघाट सजकर तैयार, 15 को श्रद्धालु लगाएंगे खारुन में डुबकी





### सड़क किनारे दर्जनभर से अधिक दुकानें

विगत कई वर्षों से दुकान लगा रहे दुकानदारों का कहना है कि पांच पहले भी हजारों की संख्या में लोग पुन्नी मेले में पहुंचते थे, लेकिन अब जगह कम हो चुकी है। इस वजह से भीड़ अधिक हो चुकी है। पहले भी परिसर की सड़कों किनारे दुकान लगाते थे, लेकिन अब चारों दिशाओं में दुकानें लगने लगी हैं। महादेवघाट तक पहुंचने वाली चारों सड़कों किनारे दर्जनों दुकान सजकर तैयार हैं। जिला प्रशासन, नगर निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा यहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों के अलावा बचाव दल भी तैनात किया जाएगा।




### एक दिन पहले विशेष श्रृंगार

कार्तिक पूर्णिमा पर रात 3 से 4 बजे तक भगवान महादेव की विशेष पूजा के बाद मंदिर के पट खोले जाएंगे। मंदिर के पुजारी पं. सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि एक दिन पहले 14 नवंबर को श्रृंगार किया जाएगा। सुबह विशेष अभिषेक पूजा, महाआरती के बाद मेले का विधिवत शुभारंभ होगा। मेले में हजारों की संख्या में लोग न केवल खारुन नदी में डुबकी लगाकर भगवान हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करेंगे, बल्कि मेले का भरपूर लुत्फ भी उठाएंगे।

# अज्ञात युवती की लाश का मामला, हत्या कर कंबल के नीचे दबा दिया था शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित कलर्स मॉल के पास निर्माणाधीन भवन में मिली अज्ञात युवती की लाश की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवती की लाश कंबल से ढंकी मिली थी। युवती के शरीर पर कुर्ता तो सही सलामत हालत में था, लेकिन सलवार गायब होने की बात सामने आई है। मृत युवती की शिनाख्त के लिए सोमवार को महासमुंद, पिथौरा से कुछ लोग आएंगे। उसकी शिनाख्त के बाद उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा, जिसके बाद ही युवती की मौत की गुत्थी सुलझ पाएगी।

पुलिस के अनुसार, निर्माणाधीन बिल्डिंग में युवती की लाश मिली थी, उस लाश को कंबल से ढंक दिया गया था। लाश मिट्टी, रेत तथा बिल्डिंग मटेरियल के कचरे के नीचे दबी हुई थी। इस वजह से किसी को लाश होने के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई। जहां युवती की लाश मिली, वहां एक कुत्ते ने कंबल खींचा, तब तेज बदबू फैलने लगी। इसके बाद मौके पर उपस्थित लोगों ने युवती की लाश को देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

- लाश से सलवार गायब होने की बात सामने आ रही
- हत्यारे ने लाश को कंबल से ढककर कचरे में दबा दिया था
- कुत्ते ने खींचा कंबल, तब बदबू फैलने से मिली जानकारी

### शरीर पर चोट के निशान

पुलिस के अनुसार, लाश 10 से 15 दिन पुरानी है। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिलने की पुष्टि हुई है। शरीर पर चोट के निशान कैसे लगे, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही होगी। पुलिस ने युवती की हत्या कर लाश निर्माणाधीन बिल्डिंग में ठिकाने लगाने की आशंका व्यक्त की है। युवती की लाश मिलने के बाद पुलिस आसपास के रहवासियों से तथा संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### आलमारी से 50 हजार के जेवर पार

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ आलमारी में रखे 50 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, बड़ा अशोक नगर निवासी शशि साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शशि ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गया। आलमारी खोलने पर महिला को अपने जेवर चोरी होने की जानकारी मिली।

## छाए बादलों ने उमस बढ़ाई, असहज हुआ मौसम, तापमान भी चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण से आने वाली हवा के प्रभाव से राजधानी समेत प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर बादल छाए रहे। इससे धूप का प्रभाव तो नहीं हुआ, मगर उमस के कारण असहजता-सी महसूस हुई। अभी रात और दिन का तापमान सामान्य से अधिक है, जिसमें कल के बाद गिरावट आने की उम्मीद है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, नवंबर के बीते दस दिनों में किसी तरह का पश्चिमी विक्षोभ नहीं आया है, मगर तापमान में गिरावट नहीं होने की वजह से ठंड का अधिक असर नहीं हुआ है। अभी राज्य में दक्षिण-पूर्व से हवा आ रही है, जिसके कारण बादल छाए हुए हैं। इस वजह से दिन और रात का तापमान में किसी तरह का बड़ा परिवर्तन नहीं हो रहा है। रविवार को राजधानी का मौसम असहजता लिए हुए था। दिन में काफी बादल छाए हुए थे, जिसकी वजह से धूप नहीं निकली। वातावरण को देखकर बारिश होने का अंदाजा लगाया जा रहा था। वातवारण में धुंध होने की वजह से दृश्यता भी कमजोर महसूस हो रही थी। दिन में धूप की तेजी तो नहीं रही, मगर वातावरण में मौजूद नमी के कारण उमस से बेचैनी महसूस होती रही।



### मौसम में आएगी गिरावट

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि सोमवार को विशेष बदलाव नहीं होगा, मगर हवा की दिशा बदलने से मंगलवार को तापमान में थोड़ी गिरावट आने के आसार बन रहे हैं। अभी राज्य के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक से तीन डिग्री तक अधिक दर्ज किया जा रहा है।

## व्याख्याता से मोबाइल लूट धरे गए तीन बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर पुलिस ने राज्योत्सव की ड्यूटी से लौट रहे व्याख्याता से लूट के आरोप में हत्या के आरोपी सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने पिछले सप्ताह 5 नवंबर को देर रात व्याख्याता से लूट की घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस के मुताबिक, चंपेश्वर गोस्वामी से लूट के आरोप में चंगोराभाठा निवासी खिलेश्वर साहू उर्फ नानू, मिथिलेश छत्री तथा देव सारथी को गिरफ्तार किया है। मिथिलेश पूर्व में पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में हत्या के आरोप में तथा खिलेश्वर गंज थाना क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। चंपेश्वर ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह ड्यूटी से वापस लौट रहा था। इसी दौरान वह गणेश मंदिर के पास अपने मोबाइल से बात कर रहा था। एक्टिवा सवार बदमाशों ने चंपेश्वर के साथ मारपीट कर उसे धक्का देकर गिरा दिया और मोबाइल लूटकर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने बदमाशों को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है।




- राज्योत्सव ड्यूटी से लौट रहे व्याख्याता से बदमाशों ने की थी लूट

## बीत चुकी दिवाली, पर कम नहीं हुई उड़ान की खुमारी, एयर फेयर अब भी दस हजार के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दिवाली बीते काफी दिन हो चुके हैं, मगर हवाई यात्रियों की संख्या में अभी भी कमी नहीं आई है। दिल्ली समेत ज्यादातर शहरों का किराया दस हजार के पार है। बेंगलुरु का किराया अभी भी 18 हजार और पुणे का टिकट 14 हजार खर्च करने पर ही मिल रहा है।

दिवाली के दौरान आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होने और टिकटों की कीमतों पर फ्लेक्सिबल नियम लागू होने की वजह से किराया दोगुना हो गया था। त्योहार को बीते काफी दिन हो चुके हैं, मगर एयर फेयर अभी भी सामान्य स्थिति में नहीं आ पाया है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से संचालित विमानों का विभिन्न शहरों के लिए किराया अभी भी दस हजार से ज्यादा है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि छुट्टियों का दौर चलने की वजह से अभी भी काफी संख्या में यात्रियों की आवाजाही जारी है, जिसकी वजह से टिकटों की कीमत बढ़ी हुई है।

### बेंगलुरु का किराया 18 हजार पुणे का 14 हजार से ज्यादा



### बेंगलुरु का किराया सबसे अधिक

वर्तमान में रायपुर से नियमित उड़ान भरने वाली बेंगलुरु फ्लाइट का किराया सबसे अधिक है। सोमवार को इसका फेयर 18 हजार तक पहुंचा है। इसके साथ ही पुणे जाने वाली फ्लाइट का फेयर मंगलवार को 14 हजार हो चुका है। दिल्ली जाने वाले यात्रियों को 12 से 13 हजार रुपए तक देने पड़ रहे हैं और मुंबई का टिकट 13 से 18 हजार रुपए खर्च करने पर मिल रहा है। हैदराबाद के लिए 13 हजार और कोलकाता जाने के लिए 11 हजार रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं।

## आकाश शर्मा के पक्ष में विधायक जनक डोर टू डोर प्रचार में जुटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रदेश में दोनों राजनीतिक पार्टी कांग्रेस भाजपा अपने प्रत्याशी को विजय दिलाने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। वहीं बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव को भी जिम्मेदारी सौपी गई हैं, पिछले एक सप्ताह से विधायक जनक ध्रुव कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ घर घर डोर टू डोर जनसंपर्क कर रहे हैं। सोमवार को संतोषी नगर में जनसम्पर्क कर जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# देवभोग से अजमेर शरीफ दरगाह के लिए रवाना हुए अयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी हसन संजरी अलैहिर्रहमां ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर अकीदत का नजराना पेश करने अयान मेमन ने सोमवार को सायकल से सफर शुरू किया। अयान मेमन देवभोग से अजमेर राजस्थान तक 1850 किमी का सफर सायकल से तय करेंगे। देवभोग के राजापारा निवासी 22 वर्षीय अयान मेमन ने सायकल से अजमेर शरीफ की यात्रा देवभोग स्थिति सैयद शाहबुद्दीन हुसैन के दरगाह से शुरू किया। अयान मेमन पेशे से कॉलेज के छात्र हैं फिलहाल वे प्रकृति को बचाने एवं देश में आपसी भाईचारा का संदेश देने के लिए यह सफर शुरू किया हैं, अयान ने अपने साथ सायकल के अलावा रोजमर्रा के जरूरत के समान साथ रख यह सफर शुरू किया हैं। उनका कहना है कि रास्ते में पड़ने वाले दरगाह व मस्जिद में रात बिताई जाएगी। करीब 22 से 25 दिन में एक तरफ का सफर तय कर लेंगे। अपनी साइकिल पर कपड़ा, बिस्तर व अन्य जरूरत का सामान रख सफर शुरू किया। इस सफर में वह मोहब्बत और भाईचारगी का पैगाम भी बाटेंगे। अजमेर दरगाह पर पहुंच कर देश की तरक्की की दुआ भी करेंगे। इस अवसर पर जमात के सदर नासीर खान, सेक्रेटरी मोहम्मद फिरोज खान, अयान के वालिद सलीम मेमन समेत जमात के सभी लोगों ने अयान को सफर के लिए मुबारकबाद देकर विदा किया।

- सायकल से 22 दिनों में 1850 किमी सफर पूरा करने का रखा लक्ष्य






**प्रकृति को बचाने के लिए राहगीरों से अपील:** सायकल से सफर शुरू करने से पहले अयान ने बताया कि वे रास्ते में पड़ने वाले तमाम दरगाहों पर हाजिरी लगाएंगे और मुल्क और क्षेत्र की अमन चैन और तरक्की, खुशहाली की दुआ मांगेंगे। साथ ही अयान मेमन ने अपने सायकल के पीछे प्रकृति को बचाने के लिए राहगीरों व आमजनों से अपील किया हैं और प्रदूषित होते पर्यावरण को बचाने के लिए सायकल का इस्तेमाल करने के लिए अपील भी किया है।देवभोग से अजमेर शरीफ के साइकिल से निकले पहला दिन सफर करते लगभग 80 कि मी की दूरी तय कर अयान मेमन शाम मैनपुर नगर पहुंचे तो इसकी जानकारी लगते ही मैनपुर नगर में मुस्लिम समाज के युवाओं ने उनका जोरदार इस्तकबाल किया फूल माला पहनकर अयान का स्वागत किया। मैनपुर मस्जिद में आज रात रुकेगे और कल मंगलवार सुबह 7:00 बजे मैनपुर से अपना सफर फिर सायकल से प्रारंभ करेंगे।

### दरगाहों में वह हाजिरी देंगे जियारत करेंगे

अयान ने बताया कि रास्ते में सभी दरगाहों में वह हाजिरी देंगे जियारत करेंगे। सबसे पहले दिल्ली निजामुद्दीन औलिया की दरगाह में जाएंगे और वहां से फिर अजमेर शरीफ पहुंचेंगे। इस मौके मैनपुर में प्रमुख रूप से सदर मोहम्मद हनीफ मेमन, मोहम्मद तौकिर रजा मंजरी, हाजी गफ्फू मेमन, गुलाम रसूल बेग, जाकिर रजा, अब्दुल वकील खान, मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद रहमत खान, मोहम्मद अतहर मेमन, मोहम्मद शाहरुख खान सलमान खान, सुल्तान खान, फखरू भाईमोहम्मद हबीब मेमन, मोहम्मद अबरार मेमन, शेख फैजान खान, शेख हसन खान, अहमद बेग, जाहिद रजा, मलिक रजा, अजीज अंसारी, फकीरा भाई, अजहर मेमन, सिकंदर मेमन, सोहेल खान, आकिश खान, आसीफ मेमन, मकसूद भाई सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा के चार प्रकरण में 16 लाख की राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के चार प्रकरण में मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनपुर तहसील के ग्राम कंवरआमा कौरआमा निवासी 60 वर्षीय बजर सिंह का 16 मई को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नी पनकीन बाई को 4 लाख रुपये स्वीकृत की गई है। इसी तरह गरियाबंद तहसील अंतर्गत ग्राम मदनपुर निवासी 37 वर्षीय डायमण्ड नागेश का 4 मई 2024 को तालाब में डूबने से मृत्यु जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनकी पत्नी निर्मला नागेश को 4 लाख रुपये, गरियाबंद तहसील के ही ग्राम बोईरबेड़ा बिन्द्रानवागढ़ निवासी 52 वर्षीय झुलसिंह नेताम का 6 मई को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन उनके पुत्र कुमार सिंह को 4 लाख रूपये तथा देवभोग तहसील के ग्राम लदरा निवासी 27 वर्षीय जोगेन्द्र नागेश का 26 अप्रैल 2024 को आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम परिजन उनकी पत्नी इन्दुमती नागेश को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### हॉस्पिटल के सामने से मोटर साइकिल चोरी

**महासमुंद।** ग्राम भोथलडीह में अपनी बच्ची का इलाज करने गए एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। सरायपाली पुलिस को प्रार्थी हरेकृष्ण साहू निवासी कसडोल ने बताया कि 2 नवंबर को शाम 04 बजे के आसपास अपनी बच्ची का इलाज कराने भोथलडीह के लक्ष्मण साहू के हॉस्पिटल आया था। इलाज कराकर शाम करीब 6 बजे वापस निकलने पर देखा तो बाइक गायब थी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## शिविर : ओमबाई, तिलेश्वरी एवं अमरौतिन को मिला बेस्ट सहायिका का प्रमाण पत्र

# जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 345 आवेदन, 91 का मौके पर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुडागांव(कोरासी)

जिले के छुरा विकासखण्ड के ग्राम मुड़ागांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, श्रम, समाज कल्याण उद्योग, आयुर्वेद सहित अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में लोगों के समस्याओं से संबंधित 345 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में 91 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक होकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही हितग्राहियों को विभागीय योजना के तहत सामग्री वितरण कर मौके पर ही लाभान्वित किया।

- 3 हितग्राही को श्रवण यंत्र व 5 मछली पालकों को जाल दिया गया

**प्राप्त शिकायतों का तत्परता से किया जायेगा निराकरण :** इस दौरान कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीणजनों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज मुड़ागांव में शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने क्षेत्र अंतर्गत गांवों में समस्याओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि शासन के मंशानुप जिले में प्रत्येक माह 2 बार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के जो लोग जिला मुख्यालय नहीं पहुंच पाते है। उन लोगों के लिए यह शिविर काफी लाभदायक है। शिविर में सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणजनों की मांग, समस्या एवं शिकायतों को सुनकर उनका अधिक से अधिक शिविर स्थल पर ही निराकरण करने का प्रयास करते है। गरियाबंद जिले को शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए चयनित किया गया है। जिसका ग्राम पंचायतवार छूटे हुए लोगों का सर्वे कर लिया गया है। जिसमें 37 प्रकार की हितग्राहीमूलक सेवाएं शामिल है। इन सेवाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए पंचायत स्तर पर शिविर भी लगाए जायेंगे। जिसमें पात्र व्यक्तियों को इन योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

**धान के बदले लगाएं दलहन व तिलहन की फसलें :** कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर खरीफ विपणन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 नवम्बर से की जायेगी। प्रत्येक पात्र किसानों से 3100 रूपये की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जायेगी। किसान अपने खेत में वास्तविक रूप से बोये गये धान की बिक्री करें, ताकि किसानों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने किसानों को रबी फसल सीजन में धान के बदले अन्य फसल जैसे दलहन, तिलहन एवं बागवानी फसल लेने की अपील की। जिन गांव के किसान रबी फसल में शत प्रतिशत धान के बदले अन्य फसल लगायेंगे ऐसे गांव के किसानों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जायेगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हितग्राहियों के लिए बनाये गये राशन कार्ड में परिवार के दर्ज सदस्यों का ईकेवायसी अनिवार्य रूप से करवाये।



### पशु मालिक पशुओं को गौठान में रखे

उन्होंने पशुपालकों से कहा कि पशुओं को सड़क पर खुले न छोड़े, पशुओं को खुले में छोड़ने से सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। पशु मालिक पशुओं को गौठान में रखे। कलेक्टर ने ग्रामीणों को समझाईश दी गई कि गांव की साफ-सफाई पर विशेष रूप से ध्यान रखे। साफ-सफाई रखने से गांव में बीमारियां नहीं होती साथ ही गांव स्वच्छ दिखता है। छुरा ब्लाक ओडीएफ प्लस होने की ओर अग्रसर है, इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। विभिन्न ग्राम पंचायतों में कचरा कलेक्शन के लिए रिक्शा की व्यवस्था की गई है। ग्रामीणजन सहभागिता से कचरा कलेक्शन करें। शिविर में जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी ने संबोधित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणजनों तक शासन के योजनाओं के बारे में जानकारी देने का अच्छा माध्यम है। शिविर में जिला स्तर के सभी अधिकारी मौजूद रहकर लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण करने का यथासंभव प्रयास करते है। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करें।



### 5 किसानों को मसूर बीज का किया वितरण

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत तीन गर्भवती महिलाओं को गोद भराई की रश्म के तहत पोषण आहार किट एवं एक बच्चों को अन्नप्राशन भी प्रदान किया। साथ ही ओमबाई नेताम, तिलेश्वरी कंवर एवं अमरौतिन बाई को बेस्ट सहायिका का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को मसूर बीज वितरण किया गया। इसी प्रकार समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 हितग्राही को श्रवण यंत्र एवं 3 हितग्राही को छड़ी प्रदान किया गया। मछली पालन विभाग द्वारा 5 हितग्राही को जाल, ग्रोथ प्रमोटर एवं एक हितग्राही को आईस बॉक्स प्रदान किया गया।

### स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गई दवा

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क बीपी, शुगर सहित स्वास्थ्य संबंधी अन्य प्रकार की जांच कर निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक रहने एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क ईलाज प्राप्त करने का भी संदेश दिया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य केसरी ध्रुव, जनपद सदस्य नीलकंठ ठाकुर, दीपक चन्द्राकर, थानेश्वर कंवर, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, समाजसेवी शीतल ध्रुव, पुनितराम ठाकुर, एसडीएम विशाल महाराणा, जनपद सीईओ रूपकुमार ध्रुव, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# अपराधियों के हौसले बुलंद, चोरों ने जमाही में डीजल चोरी की 4 घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

समीपस्थ ग्राम जमाही में घर के सामने या ब्यारा में खड़े ट्रैक्टर की टंकी से डीजल चोरी घटना दिन बर दीन बढ़ गया है। चोर पुलिस कार्रवाई से बच रहा है इसलिए उसका हौंसला और बुलंद हो गया है। जमाही में ट्रैक्टर से रात में डीजल चोरी थम नहीं रहा है एक के बाद एक चार जगह चोरी हो चुकी है। यह सुलझा नहीं कि बिते शुक्रवार को जमाही का किसान विरेन्द्र ध्रव के ब्यारा में खड़े किए उनके ट्रैक्टर से 30 लीटर डीजल चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इससे पहले इन्हीं के खेत से घेरा किए तार को चोरी कर लिए गए। इससे कुछ दिन पहले नरायण यादव, चंदू दिवान, दूर्गा यादव के ट्रैक्टर से डीजल चोरी हुई है, लेकिन पुलिस की शिथिल कार्यवाही को भांपते रिपोर्ट लिखाना जरूरत नहीं समझा। इन चोरियों की वारदात का खुलासा नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। प्रार्थी के द्वारा फिगेंश्वर थाना में लिखित सुचना भी दिया गया है। फिगेंश्वर थाना की विफलताओं के चलते चोर लगातार बड़ी-बड़ी चोरियों की वारदात को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। चोरों के पकड़े न जाने से आए दिन चोरी की वारदात सामने आ रही है। समस्या नहीं सुलझा तो ,बड़ी चोरियां अब भी वे-सुराग हैं।

- चोरी की वारदातों को सुलझा नहीं पा रही फिगेंश्वर पुलिस

### पहचान के बावजूद आपोपियों को नहीं पकड़ पाई पुलिस

प्रार्थी विरेन्द्र ध्रुव किसान के साथ शासकीय शिक्षक है। उन्होंने पुलिस थाना फिगेंश्वर में मामला दर्ज करावाया। थाना प्रभारी ने रविवार को घटना स्थल जमाही पहुंचकर मुवायना किया। चोरी होना सहीं पाया गया। प्रार्थी ने फिर अपनी मांग दोहराई और सीसी फुटेज दिखाई जिसमें डीजल का डब्बा लेकर ब्यारा को लाघते डीजल निकालते दिख रहा है। इस सन्देह में स्थानीय महेश ध्रुव एवं किराना दुकान संचालक हूलास यादव को डीजल खरीदार को थाना लाकर पूछताछ किया गया। वहीं एक शातिर चोर झोरी विश्वकर्मा घटना के बाद से फरार है। पहचान बताने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने ग्रामीण अंचलों में चर्चा का विषय बन गया है। 5 हजार से कम चोरी इसलिए रिपोर्ट नहीं होगी।



### चोरी ने नहीं कबूला अपना जुर्म

पुलिस थाना फिगेंश्वर प्रभारी पवन वर्मा ने कहा प्रार्थी विरेन्द्र ध्रव जमाही के सुचना पर मौका निरक्षण किया गया और संदेह पर लाया गया। पूछताछ पर चोरी कबूल नहीं हुआ है। इसलिए छोड़ दिया गया है।

## मनमोहक तस्वीर...



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर की तशवीर ड्रोन कैमरा से लिया गया है, चारो तरफ पहाडी से घिरा घने जंगलों के बीच बसा बेहद खुबसूरत मैनपुर नगर का यह तस्वीर इन दिनों सोशल मिडिया में वायरल हो रही है।

**ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल : महासमुंद।** रायतुम-तुरेंगा रोड के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। मामले को लेकर पटेवा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मोटर सायकल हीरो होंडा एसएस क्रमांक सीजी 06 ए 2928 से दिनेश कुमार यादव एवं स्वराज यादव ग्राम गजराडीह से ग्राम डोंगरीपाली आ रहे थे।

# राजीव लोचन मंदिर में भागवत कथा जारी



**राजिम।** राजीव लोचन मंदिर में पंडित गोवर्धन महाराज द्वारा श्रीमदभागवत कथा प्रसंग के दौरान श्री कृष्ण रूख्मणी विवाह की कथा बताया गया। कथा श्रवण करने मंदिर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष राजे श्री महंत रामसुंदर दास, सचिव अनिल तिवारी, जनपद के पूर्व अध्यक्ष राघोबा महाड़िक, सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, दिनेश सिंह ठाकुर, पुरुषोत्तम मिश्रा, विजय शर्मा, शिव सिंह ठाकुर , रामकुमार सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, श्रवण सिंह ठाकुर, आमोद राजपूत, भोला ठाकुर, महेंद्र ठाकुर सहित भक्तजन मौजूद थे।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

## नेशनल कैंसर डे कार्यक्रम में 62 विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने लिया भाग

# गुटखा व तम्बाकू को मुख में दबाकर सो जाना कैंसर का मुख्य कारण : डॉ. बोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ़ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस के फार्मेसी विभाग के द्वारा नेशनल कैंसर डे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक फार्मेसी विभाग अध्यक्ष युगल किशोर राजपूत ने समस्त अध्यापकों को विद्यार्थियों के साथ नेशनल कैंसर डे जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में 62 से अधिक विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। नेशनल फार्मेसी सप्ताह के तहत नेशनल कैंसर डे जागरूकता कार्यक्रम पर प्रदर्शनी का मौखिक प्रस्तुति दी गई जिसमें सस्मिता सुनानी प्रथम पुरस्कार, मिथलेश साहू द्वितीय पुरस्कार एवं मोहम्मद रेयान अहमद खान तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया गया। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर बीपी बोला ने बताया कि कैंसर का मुख्य कारण गुटखा या तम्बाकू मुख में दबाकर सो जाना ही सबसे खतरनाक कारण है। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. विश्वास ने बताया कि पुरुष वर्ग में माउथ कैंसर, फेफडा कैंसर अधिक और महिला वर्ग में बेस्ट कैंसर अधिक प्रभावी है।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के लिए फार्मेसी विभाग के विभाग अध्यक्ष युगल किशोर राजपूत के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, डॉ अनुराग सिंह चौहान, ओमप्रकाश साहू, लुकेश्वरी वर्मा, विकास कुमार साहू, प्रतिभा जायसवाल, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा।



### विद्यार्थियों को दिए गए सर्टिफिकेट

साथ सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट का वितरण मुख्य अतिथि के हाथों से किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन टिकेंद्र कुमार साहू के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बी पी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी सभी ने आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाए ए फार्मेसी विभाग के द्वारा नेशनल कैंसर डे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक फार्मेसी विभाग अध्यक्ष युगल किशोर राजपूत ने समस्त अध्यापकों को विद्यार्थियों के साथ नेशनल कैंसर डे जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाए।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट • कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) • स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 Years of Trust | 130+ Experience Centres Pan India
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### साहसिक शिविर के लिए ओंकार निषाद का चयन




छुरा। भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निर्देशालय भोपाल मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के तत्वधान में तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनित कुमार साहू के मार्गदर्शन में शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा में अध्ययनरत पीजीडीसीए एवं रासेयो स्वयंसेवक ओंकार निषाद का चयन साहसिक शिविर के लिए हुआ है जो कि दिनांक 15 नवंबर से 24 नवंबर तक हिमांचल प्रदेश के मनाली में स्थित अटल बिहारी वाजपेई इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटरिंग में आयोजित होगा। साहसिक शिविर में पहाड़ों पर ट्रैकिंग, वाटर राफ़्टिंग, पैरा-सेलिंग जैसे साहसिक गतिविधियां शामिल है जिसके लिए महाविद्यालय के प्राचार्य सी एच पटेल ने हर्ष जताया है। सहायक प्राध्यापक डीपी सिंह, डी आर साहू, डॉ. सीपी सिकरवार, रागनी ठाकुर वरिष्ठ स्वयंसेवक संतोष सोरी, रोहन बंजारे, चांदनी ठाकुर, चांदनी मरकाम, खगेश, देवकी समेत रासेयो इकाई छुरा के स्वयंसेवकों ने शुभकामनाएं प्रेषित किए है।

### कोटवार संघ का दिवाली मिलन समारोह 13 को

सुरसाबांधा। कोटवार एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ तहसील शाखा राजिम फिंगेश्वर का संयुक्त दीपावली मिलन समारोह 13 नवंबर को समय 11 बजे पुजेरिन दाई मंदिर प्रांगण किरवई में रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि होंगे। तथा अध्यक्षता चन्द्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में रेखा जितेन्द्र सोनकर अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम , कमल सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल राजिम, महेश कुमार यादव नोटरी व अधिवक्ता, यथार्थ शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत किरवई, धनेश जगत जिलाध्यक्ष कोटवार संघ गरियाबंद, मोती साहू शाला विकास समिति एवं अध्यक्ष ग्राम विकास समिति किरवई, रेखा साहू पूर्व सरपंच किरवई भी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुये मिडिया प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष अनिल टांडिया व हुलास राम साहू अध्यक्ष कोटवार संघ राजिम ने सभी कोटवारों से उपस्थित होने अपील किया है।

### बेमौसम महुआ के फूल



मैनपुर। मैनपुर क्षेत्र के कुछ महुआ के वृक्षों में बेमौसम महुआ के फूल दिखाई दे रहे हैं, यह तस्वीर कुल्हाडीघाट के शिक्षक सुखराम नागेश ने कैमरा में कैद कर भेजा है और बताया कि आश्रम परिसर तथा स्कूल परिसर में महुआ के वृक्ष में फुल आना शुरू हो गया है जबकि महुआ के फूल मार्च अप्रैल गर्मी के दिनों में आते है।

## अपील : किसानों को पराली नहीं जलाने की दी जा रही हिदायत

# पराली जलाने से नाइट्रोजन और पोषक तत्व में कमी, लाभदायक कीट भी हो रहे खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

क्षेत्र में धान की कटाई शुरू हो चुकी है। कटाई के बाद खेती में पड़े पराली को जला देते हैं। इससे वायु प्रदूषण और खेत की उपजाऊ क्षमता कमजोर होती है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील की गई है। पराली जलाने के बजाय किसानों को पैरा गांव के गौठानो में मवेशियों के लिए दान करने की बात कही गई है।

सरकार द्वारा खेतों में पलारी जलाने पर सख्त पाबंदी लगाई है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने कहा कि किसानों को भ्रम है कि पराली जलाने के बाद अवशेष राख से खेत को खाद मिलेगा तथा खेत साफ हो जाएगा, लेकिन यह सोचना ग़लत है। पराली जलाने से भूमि की उपजाऊ क्षमता तथा लाभदायक कीट भी खत्म हो जाती है। साथ ही वायु प्रदूषण का कारण बनती है जिससे मनुष्य, पशु पक्षी सभी को विभिन्न प्रकार की बीमारियां भी होती है जिसका उदाहरण दिल्ली, पंजाब, हरियाणा जैसे शहरों में कुछ वर्षों से देखने को मिल रहा है।



### वेस्ट डी-कंपोजर से पोषक तत्व प्रबंधन

वेस्ट डी - कम्पोजर के 200 लीटर प्रति एकड़ घोल को फसल कटाई उपरांत खेतों में पड़े अवशेषों के ऊपर छिड़काव कर सड़ा सकते हैं। जिससे खेतों में ही पोषक तत्व प्रबंधन किया जा सकता है। वेस्ट डी - कम्पोजर बनाने के लिए 200 लीटर पानी में 2 किलो ग्राम गुड़ मिलाकर वेस्ट डी कम्पोजर का 20 ग्राम का घोल डालकर 6 से 7 दिन के लिए ढककर रख देते हैं। प्रतिदिन दो बार डंडे से उसे अच्छी तरह मिलाना चाहिए। धान के पराली का यूरिया से उपचार करके पशु चारे के रूप में उपयोग कर सकते हैं।



इसे देखते हुए किसानों को पराली नहीं जलाने की हिदायत दी जा रही है। जो ऐसा करते पाए जाने पर किसानों के खिलाफ जुर्माना की कार्रवाई करेगी।

### भूमि की उपजाऊ क्षमता लगातार घट रही

कृषि विभाग ने बताया कि एक टन धान पराली जलाने से हवा में 3 किलो ग्राम कार्बन, 513 किलो ग्राम कार्बन डाई आक्साइड, 92 किलो ग्राम कार्बन मोनो ऑक्साइड तथा 250 किलो ग्राम राख घुल जाती है। धान पराली जलाने से वायु प्रदूषित होने से आंखो में जलन एवं सांस संबंधित बीमारियां का खतरा बढ़ जाता है। पराली जलाने से भूमि की उपजाऊ क्षमता लगातार घट रही है इस कारण भूमि में 80 प्रतिशत अन्य पोषक तत्व की कमी आ रही है। मित्र कीट की मृत्यु होने से नई नई बीमारियां उत्पन्न होती है। पशुओं के लिए वर्ष भर चारा आपूर्ति की समस्या बन जाती है। जलाने की बजाय ऐसे कर सकते हैं पराली प्रबंधन - स्टा मल्चर मशीन की सहायता से पराली को गट्ठे में एक कर उपयोग कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री के नाम शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर मैनपुर शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल मैनपुर को ज्ञापन सौंपा!

ज्ञापन पत्र में प्रतिनिधि मंडल ने समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के प्रमुख पांच सूत्रीय मांगों को मोदी के गारंटी के तहत शीघ्र पुरी करने की मांग किया है, जिसमें सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदाय करने, समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि का गणना कर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का लाभ देने, उच्च न्यायालय बिलासपुर के डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय के तहत क्रमोन्नत एवं समयमान वेतन देने तथा केन्द्र के समान महंगाई भत्ता एवं एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ व सीजीपीएफ खाता में करने प्रमुख रूप से मांग किया गया है। ज्ञापन सौपने प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी यशवंत बघेल, जिला संयोजक कुमेंद्र कश्यप,ब्लॉक संयोजक द्वय गोविन्द पटेल, उमेश श्रीवास, नीलम नागेश, मुकेश ठाकुर फणेंद्र साहू, शेख इमामुद्दीन खान, संतोष पटेल, चन्द्रकिशोर बघेल, नीलाम्बर जगत, उपेन्द्र साहू, राजेश राव सिन्दे, नंदकुमार सोनवानी, भोजनाथ साहू, पदमन मांझी, लीलाम्बर मांझी, कामदेव यादव, बेनूराम बघेल, सुलोचना श्रीवास, सविता जोशी, कोमल राम दीवान, रघुवर साय ध्रुव, एजाज मेमन, नरेंद्र पटेल, सदन मांझी आदि शामिल हुए।

# सोनार समाज ने आंवला वृक्ष की पूजा कर किया सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

सर्व सोनार समाज, गरियाबंद द्वारा समाज भवन, पैरी नगर में आवला नवमी के अवसर पर आवला पेड़ की पूजा की गई। समाज के सभी सदस्यों ने भवन में लगाए गए आवला पेड़ की पूजा की, जिसके बाद महिला सदस्यों ने सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात समाज के सभी सदस्यों ने सामूहिक भोजन कर भवन में पिकनिक का आनंद लिया। समाज के अध्यक्ष बोधन सोनी ने बताया कि आवला नवमी पर आवला पेड़ की पूजा का विशेष महत्व है, क्योंकि आवला पेड़ में भगवान विष्णु का वास माना जाता है। पद्म पुराण के अनुसार, आवला को भगवान विष्णु का प्रतीक मानते हैं, और इसकी पूजा से मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। इस अवसर पर सोनार समाज के सचिव राकेश सोनी सहित आदित्व्य गुप्ता, सुंदर सोनी, महेंद्र सोनी, तामेश्वर सोनी, बसंत सोनी, सुरेश सोनी, ओमप्रकाश सोनी, जयप्रकाश सोनी, नितिन गुप्ता,






मनोहर सोनी, सूरज सोनी, सुनील सोनी, क्षितिज गुप्ता, मुकेश सोनी, कान्हा सोनी, आकाश सोनी, आयुष सोनी, वलय गुप्ता, कबीर सोनी, वैभव सोनी और अनुराग सोनी उपस्थित रहे। महिला सदस्यों में राधारानी सोनी, गीता गुप्ता, दीपा सोनी, अनीता सोनी, प्रियंका सोनी, ज्योति सोनी, वीथी गुप्ता, गायत्री सोनी, मनीषा सोनी, पीहू, काजल, और समृद्धि ने भी भाग लिया।

सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिलकर फटाके भी जलाए, जिससे उत्सव का माहौल बना रहा।

# डिस्कवर एंड लर्न लोकल साइट्स में तानिया प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

पीएम श्री स्कूलों के थीम पर आधारित जिला स्तरीय प्रतियोगिता 2024 आयोजित की गई। केंद्र सरकार की इस योजना के तहत शिक्षा का स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में आठ पीएम श्री स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, जहां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही हैं।

- पीएम श्री स्कूलों में जिला स्तरीय प्रतियोगिता हुई

इस प्रतियोगिता में विद्या वैभव, मंथन मंडल, डिजिटल क्वेस्ट और डिस्कवर एंड लर्न लोकल साइट्स जैसी विधाओं पर बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। विद्या वैभव में बच्चों ने कठिन प्रश्नों के रोचक उत्तर दिए।

मंथन मंडल में बच्चों की तर्कक्षमता ने दर्शकों को प्रभावित किया। डिजिटल क्वेस्ट में बच्चों की समाज सेवा, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, बागवानी, स्वच्छता, वृद्ध जन सेवा, पौधारोपण और समाज उत्थान में भागीदारी को दिखाया गया। डिस्कवर एंड लर्न लोकल साइट्स में बच्चों ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा, वेशभूषा, अनुशासन और लोकगीतों पर प्रस्तुतियां दी। डिस्कवर एंड लर्न लोकल साइट्स में तानिया प्रथम, आरती कंवर द्वितीय, नेहा यादव तृतीय।



डिजिटल क्वेस्ट में उमेश कुमार नायक प्रथम, निहाल दीवान द्वितीय, कुमकुम सिन्हा तृतीय।

मंथन मंडल में जाह्नवी निषाद और फालेश्वर सोनकर की जोड़ी प्रथम, तुलसी सोनकर और अंजू सोनकर की जोड़ी द्वितीय, शुभम सतपति और संजय नागेश तृतीय। विद्या वैभव में चिराग और अभिषेक पहले, रोशनी और जाह्नवी दूसरे, वंदना और यथर्व तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एपीसी भूपेंद्र सोनी, प्रोग्रामर नदीम अहमद, विक्रांत सोनी, एफएलएन पीएमयू चंद्रहास साहू उपस्थित रहे। अनीता मेढ़े, अर्जुन धनंजय सिन्हा, शंकर लाल पाल, प्रतिभा सकरिया, डेहर पटेल, नीता सर्वा, शिव कुमार साहू, व्यंकटेश साहू ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक अनुप महाडिक ने किया। प्रशांत कुमार डबली, संतराम कुमार भैंसवाड़े आदि का विशेष योगदान रहा।

# हेल्थ स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम 17 नवंबर को



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम-फिंगेश्वर मार्ग के एक भवन में 17 नवंबर को हेल्थ स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है यह जानकारी देते हुए आयोजक पूजा डहरिया ने बताया कि इस आयोजन में उनकी पूरी टीम मौजूद रहेगी। कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के रूप में अनिल कुरी मौजूद रहेंगे। पूजा डहरिया ने बताया कि श्री कुरी के अलावा लोचन प्रसाद साहू, शारदा श्रीवास्तव, सुधीर साहू आ रहे है। बताया कि कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शाम तक चलेगा जिसमें बड़ी संख्या में लोग आएंगे।

# शिक्षा व राजनीतिक क्षेत्र में बढ़े मरार पटेल समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

मरार पटेल समाज की तहसील स्तरीय बैठक कुरुसकेरा में हुआ। बैठक में जिलाअध्यक्ष सोमनाथ पटेल, तहसील अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, संरक्षक विनोद पटेल, प्रमुख सलाहकार फिरंगी पटेल, फगवा पटेल,खेलावन पटेल, राज कोषाध्यक्ष कैलाश पटेल, सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शाकम्भरी की पूजा-अर्चना से हुआ। बैठक में मुख्य रूप से तहसील के अंतर्गत सभी गांव के महिला, पुरुष, युवाओ और कर्मचारियों को संगठित करने छत्तीसगढ़ प्रदेश के आचार संहिता के नियमों को हर सामाजिक व्यक्तियो तक पहुंचाने, तहसील स्तरीय शाकम्भरी महोत्सव और युवक-युवती परिचय सम्मेलन करने चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल ने कहा कि हमारा समाज एक मेहनत कस समाज है, प्रकृति को हरा-भरा कर पर्यावरण को संरक्षित करने का कार्य करता है, हमारे समाज का संगठन प्रदेश, राज, जिला, तहसील ग्राम स्तर पर संगठित होकर गांव से लेकर प्रदेश तक एक है, समाज में अब रोटी-बेटी के साथ-साथ शिक्षा,राजनीति के ऊपर केंद्रीत किया जा रहा है इस पर लगातार मंथन और चिंतन चल रहा है। कहा कि नगर पंचायत और ग्राम पंचायत के चुनाव में हमारे समाज के लोग अध्यक्ष, सरपंच, पंच का चुनाव लड़ेंगे और राजनितिक दृष्टि से समाज एकजुट रहेगा। जो राजनितिक दल हमारा सम्मान करेगा उसका समाज सम्मान करेगा।

- बैठक में शाकम्भरी महोत्सव व परिचय सम्मेलन करने चर्चा की गई



### आदर्श विवाह को कर रहे प्रोत्साहित

संरक्षक विनोद पटेल ने कहा कि हमारा समाज अब खर्चीली शादी को धीरे- धीरे समाप्त कर आदर्श विवाह को प्रोत्साहित कर रहा है, आने वाले समय में तहसील स्तरीय भव्य आदर्श विवाह समारोह का आयोजन होगा। तहसील अध्यक्ष नंदकुमार पटेल और प्रमुख सलाहकार फिरगी पटेल ने कहा कि हमारे समाज की गौरव शाली इतिहास है, महात्मा ज्योतिम्बा फुले और माता सावित्री फुले हमारे समाज के गौरव है, जिसे पूरे देश में शिक्षा का अलख जगाया है, समाज में प्रतिभाओ की कमी नहीं है, समाज के बच्चो को आगे बढ़ाने के लिए समाज द्वारा निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था किया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन तहसील कार्यकारी अध्यक्ष भुवन पटेल ने किया, आभार सचिव राजू पटेल ने किया। बैठक में प्रहलाद पटेल, खेलन पटेल, गुलाब पटेल, तुगन पटेल, चन्द्रहास पटेल, सूर्यकांत पटेल, राजेंद्र पटेल, लाल जी, भारत पटेल सहित कई लोग मौजूद थे।

# हनुमान चालीसा पाठ कर महिमा का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

अंचल के ग्राम खुटेरी में विगत 3 वर्षों से युवाओं द्वारा प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ पठन का आयोजन किया जा रहा है। जिसका तीसरा वर्षगांठ धूमधाम से शनिवार को मनाया गया। पाठक समूह के संचालक शिक्षक तेजराम साहू ने बताया कि विगत 3 वर्षों से संकटमोचन हनुमान मंदिर में साप्ताहिक चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है,जिसमे गांव के युवक ,बच्चे मातृशक्ति शामिल होते है। शनिवार को हनुमान चालीसा सामुहिक पाठ महा आरती व प्रसादी वितरण किया।

इस अवसर पर संध्याबेला पर भजन संध्या सह प्रवचन का मंचीय आयोजन रखा गया था। जिसमें



ब्लाक मानस संघ फिंगेश्वर से नन्दकुमार यादव, कुमान सिंग ध्रुव ने अपने मानस व्याख्यान के माध्यम से हनुमानजी की महिमा का गुणगान किया। कहा कि उनकी ज्ञान, भक्ति और वैराग्य से जुड़ी प्रसंगों की गहन चर्चा मानस मंच के माध्यम से परोसा गया। भजन गायक लिपक नायक ने एक से बढ़कर एक हनुमानजी के भजन सुनाए जिसमें दुनिया चले न श्रीराम के बिना.., बजरंग बली बजरंग बली गली गली म नाम हे..., श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में जैसे एक से बढ़कर एक भजन गाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर रात्रि तक भजनो की श्रृंखला चलती रही। कार्यक्रम के समापन में व्याख्याकार कुमान सिंग ध्रुव, नन्दकुमार यादव, गायक लिपक नायक, ढोलक वादक वेदप्रकाश नगारची, पैडवादक दीपक सिन्हा, ऑर्गन वादक हितेश पटेल, इतवारी यादव , तेजराम साहू, हेमलाल साहू, पीताम्बर निषाद,यशवंत निषाद, धनजी निषाद, टेमन ध्रुव, कुलेश्वर निषाद,प्रेमलाल साहू, चैतराम निषाद इतवारी यादव , वेदप्रकाश नगारची, हेमंत नगारची, लेखु निषाद,चोखेलाल साहू,नेमु साहू, पप्पू साहू, बेनीशंकर साहू, ओमनारायण सेन,डेरहा निषाद,ईश्वर साहू, संतुराम, उमेद साहू, दुष्यंत साहू, राजेश साहू, दिनेश निषाद एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर , डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
28 नवंबर 2024
09 दिसंबर 2024
16 दिसंबर 2025
10 जनवरी 2025
21 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
श्रीनगर, गुलमर्ग, सुलमर्ग



4 रात व 5 दिन Ex जम्मू
28 नवंबर से 02 दिसंबर 2024, 23 जनवरी से 27 जनवरी 2025
20 फरवरी से 24 फरवरी 2025, 13 मार्च से 17 मार्च 2025
10 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411